भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 575

गुरूवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक)

ईएसआईसी के तहत नए मेडिकल कॉलेज

575# श्री नीरज डांगी:

क्या श्र**म और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के तहत 30 मेडिकल कॉलेज खोलने का लक्ष्य रखा है;

(ख) यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान राज्य-वार कितने मेडिकल कॉलेज खोले जाने की संभावना है; और

(ग) क्या ईएसआईसी के अंतर्गत राजस्थान में नए मेडिकल कॉलेज खोले जाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ग): देश भर में चिकित्सा शिक्षा की उपलब्धता बढ़ाने तथा ईएसआई लाभार्थियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल डिलीवरी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए 10 ईएसआईसी अस्पतालों को चिह्नित किया है। 10 मेडिकल कॉलेजों में से 9 कॉलेजों ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से संचालन शुरू कर दिया है। ऐसे मेडिकल कॉलेजों का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है। इसके अतिरिक्त, 10 ईएसआईसी/कर्मचारी राज्य बीमा योजना (ईएसआईएस) अस्पतालों को मेडिकल कॉलेजों के रूप में विकसित करने के लिए चिह्नित किया गया है। ऐसे 10 अस्पतालों का विवरण **अनुबंध-II** में है।

** *****

अनुबंध-I

"ईएसआईसी के तहत नए मेडिकल कॉलेज" के संबंध में श्री नीरज डांगी द्वारा दिनांक 4.12.2025 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 575 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क्र.सं.	**ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज का नाम**	**राज्य**
1.	ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज अंधेरी	महाराष्ट्र
2.	ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, बसईदारापुर	दिल्ली
3.	ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज बेलटोला, गुवाहाटी	असम
4.	ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, इंदौर	मध्य प्रदेश
5.	ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, जयपुर	राजस्थान
6.	ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, लुधियाना	पंजाब
7.	ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, नरोदा-बापूनगर	गुजरात
8.	ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, नोएडा	उत्तर प्रदेश
9.	ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, वाराणसी	उत्तर प्रदेश

अनुबंध-II

"ईएसआईसी के तहत नए मेडिकल कॉलेज" के संबंध में श्री नीरज डांगी द्वारा दिनांक 4.12.2025 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 575 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क्र.सं	**ईएसआई अस्पताल का नाम**	**राज्य**	**ईएसआईसी/ईएसआईएस**
1.	आसनसोल	पश्चिम बंगाल	ईएसआईएस
2.	अंधुआरा	ओडिशा	ईएसआईएस
3.	बिबवेवाड़ी	महाराष्ट्र	ईएसआईसी
4.	कोल्लम	केरल	ईएसआईसी
5.	मानेसर	हरियाणा	ईएसआईसी
6.	मडगांव	गोवा	ईएसआईएस
7.	नागपुर	महाराष्ट्र	ईएसआईएस
8.	पांडुनगर	उत्तर प्रदेश	ईएसआईएस
9.	सूरत	गुजरात	ईएसआईएस
10.	विशाखापत्तनम	आंध्र प्रदेश	ईएसआईएस

****